कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. –9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 18/2025

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 14.01.2025

हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में आज दिनांक- 14.01.2025 को आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्नवत कार्यवाहियां की गयी है-

01.थाना देवगाँव पुलिस द्वारा साइबर ठगी के 30000 रूपये वापस कराये गये

अवगत कराना है कि दिनांक 08.05.2022 को आवेदक प्रवीण कन्नौजिया पुत्र मोतीलाल कन्नौजिया निवासी करियागोपालपुर थाना देवगाँव आजमगढ़ द्वारा के प्रार्थना पत्र बाबत् आवेदक द्वारा अपने परिचित को फोन पे के माध्यम से 30000 रूपये स्थानान्तरित करते समय किसी अज्ञात् व्यक्ति के नम्बर पर रूपये स्थानान्तरित कर दिया गया। आवेदक के प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रभारी निरीक्षक थाना देवगाँव आजमगढ़ के निर्देश के क्रम में साइबर टीम थाना देवगांव, जनपद आजमगढ़ द्वारा शिकायतकर्ता से साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर शिकायत संख्या 33112240xxxxxx दर्ज कराते हुए अज्ञात व्यक्ति का खाता फ्रीज कराया गया तथा बैंक से अज्ञात् व्यक्ति का विवरण प्राप्त करने पर नाम पंकज जनपद अम्बेडकर नगर का होना पाया गाय। जिससे वार्ता कर आवेदक के 30000 रूपये उसके खाते में वापस कराया गया।

बरामदगी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 चित्रांशू मिश्रा व म0उ0नि0 आकांक्षा पाण्डेय थाना देवगाँव आजमगढ़
2. कम्प्यू0आप0 नवीन कुमार वर्मा का0 विपिन यादव म0आ0 प्रियंका कुशवाहा म0आ0 सुषमा यादव थाना देवगांव आजमगढ़ ।

02.थाना – अहरौला: चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

घटना का पूर्व का विवरण-

दिनांक 13/01/2025 को वादी मुकदमा अशोक कुमार पुत्र रामदवर निवासी ग्राम सकतपुर थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ ने थाना अहरौला पर लिखित तहरीर दी कि अज्ञात चोरो द्वारा वादी की मो0सा0 सी0डी0 डिलक्स वाहन संख्या UP50BP xxxx जो फुलवरिया बाजार से चुरा ले गया, के सम्बन्ध मे थाना अहरौला पर मु0अ0सं0 019/25 धारा 303(2) बनाम 1. अज्ञात चोर बतफ्तीशी उ0नि0 श्रीप्रकाश मिश्रा के पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तारी का विवरण-

दिनाकं 13.01.2025 को थाना प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्त 1. विजय लाल यादव पुत्र रामनवल यादव निवासी ग्राम जैतपुर थाना जैतपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 35 वर्ष, 2. अजीत यादव पुत्र मुलायम यादव निवासी पलथी थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 27 वर्ष को चोरी गये एक मोटरसाइकिल के साथ चादनी चौक से अतरौलिया भोगइचा जेठू सिंह स्मृति के पास से समय करीब 20.00 बजे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया गया।